सृथा0-13006/4/2023-ESTB_SEC-DoLRS-DOLRS

/109148/2024

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 169–। दिनांक 14.06.2023 द्वारा श्री मनीष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03488) के विरूद्ध कार्य में लापरवाही बरतने संबंधी कतिपय आरोप लगाते हुए आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई हेतु निदेशालय को भेजा गया है।

प्राप्त आरोप पत्र के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 5340 दिनांक 30.06.2023 द्वारा इनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 6641 दिनांक 24.08.2023 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा यह मंतव्य दिया गया है कि श्री कुमार द्वारा दिनांक 26.07.2023 को बंदोबस्त कार्यालय में त्याग पत्र समर्पित किया गया है, परन्तु दस्तावेज/कागजात पूर्ण जमा नहीं किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य के अवलोकनोपरांत श्री कुमार को दिनांक 26.07. 2023 से त्याग पत्र की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

Signed by Jai Singh
Date: 29-01-2024 16:53:06

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

प्रतिलिपि :–

1. बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि इनके अधीनस्थ सभी अभिलेख अभिरक्षित कराने का आदेश अपने स्तर से निर्गत करेंगे।
2. श्री मनीष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03488), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।